हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

4 अटल परिसर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और लोक कल्याण के मूल्यों से जोड़ेंगेः सीएम



## खबर संक्षेप

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 24 दिसंबर की शाम को जूटमिल पुलिस ने राजीव गांधी नगर क्षेत्र में शराब रेड की कार्रवाई की। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजीव गांधी नगर निवासी मारकंडेय यादव अपने घर के पास गली में भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशानुसार पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा। पूछताछ के दौरान संदेही ने अवैध बिक्री के लिए शराब रखना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से दो डिब्बा एवं एक जरकिन में रखी करीब 15 लीटर महुआ शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3000 रूपए है, जप्त की गई। आरोपी मारकंडेय यादव पिता धन सिंह यादव 30 वर्ष निवासी राजीव गांधी नगर वार्ड क्रमांक 36 थाना जूटमिल के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34,2, 59 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### झेरिया यादव समाज की बैठक 28 को

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का जिला स्तरीय बैठक रविवार को सारंगढ़ के यादव धर्म शाला में आहूत किया गया है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिलाध्यक्ष फ़रूि यादव ने बताया कि जिला स्तरीय सामाजिक समीक्षा बैठक में प्रदेश के मीडिया प्रभारी धनेश यादव के मुख्य अतिथि में रखा गया है। इस बैठक में समस्त तहसील अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष अपने टीम साथ बैठक में अनिवार्य रूप उपस्थित रहेंगे। जिससे सामाजिक संगठन में कई अहम मुद्दों में चर्चा किया जाएगा। जिला स्तरीय सामाजिक संगठन का पहली बार मीटिंग आयोजित किया जा रहा है। वहीं सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला सचिव श्रवण यादव ने सामाजिक पदाधिकारी को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

### विशालकाय अजगर को रेस्क्यू टीम ने जंगल में छोड़ा

**रायगढ़।** ननसियां गांव के एक ग्रामीण के पशुशाला में 7 फीट का विशाल अजगर पैरा में छिपकर बैठा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने अगजर को पकड़कर बोरे में भरा और फिर जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीण ने बताया कि उनके गाय कोठे में अक्सर अजगर निकलते हैं। इससे पहले इसी कोठे से 3 अजगर और उनके 21 अंडों का रेस्क्यू किया जा चुका है। ननसिया गांव के रहने वाले जागेश्वर प्रसाद ने एनिमल सेवा समिति के पास रेस्क्यू कॉल किया। उन्होंने जानकारी दी कि उनके गाय कोठे में एक बड़ा अजगर पैरा में बैठा हुआ है। सूचना मिलते ही समिति की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान आसपास के लोगों को जानकारी मिली तो वो भी सांप देखने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि चूहा या अन्य शिकार के लिए अजगर यहां पहुंचा था। जैसे ही कोई शिकार उसके पास पहुंचता वो उसे अपना खुराक बना लेता।

## 90 हजार एमटी का ही हुआ उठाव, 5144 कटा है डीओ


# नजदीकी खरीदी केंद्रों से ही मिलर उठा रहे धान, दूरी के सेंटरों में होने लगा है जाम

**अब तक 117 मिलरों ने किया एग्रीमेंट, केवल 75 ही कर रहे उठाव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस साल भी दूर के खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित होने वाली है। कारण नजदीकी सेंटरों से राइस मिलर पहले धान उठा रहे हैं।

जानकारी मिली है कि शहर से लगे समितियों में हर दिन धान खाली हो रहा है, लेकिन दूर के केंद्रों में शुरु भी नहीं हो सका है। हालात यह है कि मुख्यालय के सेंटर जहां खाली होने लगे हैं। वहीं दूर वाले इंतजार कर रहे हैं। अब तक 5144 डीओ कटा है और करीब 90 हजार एमटी का उठाव हुआ है। इसमें अरवा के लिए ज्यादा धान का उठाव होने की बात कही जा रही है। बाद में उसना के लिए मारामारी मचेगी। दूसरी ओर जिले में अब तक 117 मिलरों का एग्रीमेंट हुआ ह । इसमें केवल 75 मिलर ही धान उठाव कर रहे हैं। जिले में खरीदी वर्ष 2025-26 में अब तक 19.45 लाख क्विंटल की खरीदी हुई है। जबकि बीते साल 2024-25 में इस अवधि तक 20.3 लाख क्विंटल धान खरीदी हो चुकी थी। याने बीते साल से इस साल करीब 85 हजार क्विंटल कम खरीदी हुई है। दूसरी ओर उठाव को लेकर अब एप्रोच का फायदा भी लोग उठाने लगे हैं। इसकी बानगी मुख्यालय के नजदीकी खरीदी केंद्रों में उठ रहे धान से देखी जा सकती है। जानकारी मिली है कि अभी मिलर नजदीक के सेंटरों से धान उठाव कर डंप कर रहे हैं। चावल जमा करने का जब समय होगा तो इस धान की मिलिंग करेंगे। इसके बाद दूर के खरीदी केंद्रों से धान उठाव करेंगे। तब तक वहां धान जाम रहेगा। खासकर लैलूंगा, कापू, तमनार, धरमजयगढ़ जैसे खरीदी केंद्रों में धान जाम होने की स्थिति निर्मित होने की बात कही जा रही है।



खरीदी केंद्र में धान लोड करते मजदूर।

### एफसीआई के लिए ज्यादा एग्रीमेंट

इस बार भी एफसीआई के लिए ज्यादा एग्रीमेंट हुआ है। जानकारी मिली है कि एफसीआई कें लिए 76 लाख 84 हजार 320 क्विंटल का जहां एग्रीमेंट हुआ है। वहीं नागरिक आपूर्ति निगम के लिए 33 लाख 15 हजार 120 क्विंटल धान का एग्रीमेंट हुआ है। इसमें 9 लाख 94 हजार 536 एमटी अरवा और 10 लाख 54 हजार 08 एमटी उसना का एग्रीमेंट शामिल है।

### अभी बढ़ा है लिमिट

15 दिसंबर के बाद समितियों की लिमिट बढ़ाई गई है। इसके बाद ही खरीदी में तेजी आई है। इसके पहले तक बड़े समितियों का जहां 600 क्विंटल लिमिट था । वहीं छोटे समितियों की लिमिट केवल 500 क्विंटल ही था। इसके कारण खरीदी काफी कम हो रही थी। 15 दिसंबर के बाद जब लिमिट बढ़ाई गई तो ज्यादा खरीदी होने लगी है।



## धरमजयगढ़ के बोरो रेंज में हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो रेंज में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण शाम के समय मवेशी लेने जंगल की ओर गया था, जहां अचानक हाथी से उसका सामना हो गया। घटना के बाद वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम लोटान निवासी लोकनाथ यादव 55 बुधवार शाम मवेशी लेने के लिए जंगल की ओर गया था। इसी दौरान जब वह लोटान.बकालो क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 662 आरएफ ;रिजर्व फॉरेस्ट में पहुंचा, तो अचानक एक हाथी उसके सामने आ गया। हाथी ने लोकनाथ यादव पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर रात जब अन्य ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। वन अमला ने शव का पंचनामा कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों की माने तो क्षेत्र में एक हाथी की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद लोटान और आसपास के गांवों में पहले ही मुनादी कराई गई थी, ताकि लोग अकेले जंगल की ओर न जाएं। घटना के बाद मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही आगे मिलने वाली मुआवजा राशि की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

## 14 साल पहले निगम में हुआ शामिल, अब तक मरघट्टीपारा वासियों को नहीं मिली सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वार्ड क्रमांक 47 विजयपुर का मरघट्टीपारा 14 साल पहले नगर निगम में शामिल हुआ था। तब से लेकर आज तक इस मोहल्ले में जाने के लिए एक सडक तक नहीं बनी है। तालाब का मेड़ और उबड़-खाबड़ रास्ता ही यहां के लोगों का एकमात्र सहारा है। बारिश के दिनों में यह मोहल्ला डबरी में तब्दील हो जाता है। शहर सरकार को तो छोड़ दीजिए वार्ड पार्षद भी चुनाव के बाद वहां झांकने नहीं जाता है। इसके चलते वहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मरघट्टीपारा पहले ग्राम पंचायत में आता था। साल 2012 में यह मोहल्ला नगर निगम में शामिल हुआ। निगम में शामिल होने के 14 साल बाद भी मरघट्टीपारा किसी बिहड़ ग्रामीण क्षेत्र की तरह नजर आता है। यहां के रहवासी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। आज तक उनके नसीब में एक अदद सडक तक नहीं है। स्थानीय पार्षद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। जिससे अब क्षेत्रवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। मरघट्टीपारा की आबादी करीब 200 हैए जिसमें 150 मतदाता शामिल हैं। उनके द्वारा सालों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से एक सडक़ की मांग की जाती रही है, लेकिन किसी भी पार्षद ने उनकी नहीं सुनी। विजयपुर पेट्रोल पंप के सामने स्थित तालाब का मेड़ एक रास्ता है जहां से लोग पैदल आना-जाना करते हैं। क्योंकि यह मेड़ काफी पतली है जिससे दो पहिया वाहन इसमें गुजर नहीं पाती और अगल-बगल खाई में गिरने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा उत्सव मैरिज गार्डन के सामने एक रास्ता है जो काफी जर्जर है। यहां पैदल चलने से भी लोग अनियंत्रित हो जाते हैं। इसी रास्ते को बनवाने के लिए क्षेत्रवासी जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा है। वर्तमान में यह मोहल्ला डबरी में तब्दील हो गया है।



मरघट्टीपारा जाने के लिए विजयपुर पेट्रोल पंप के सामने तालाब किनारे मेड़ को वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है, जिसमें स्थानीय निवासी आना-जाना कर रहे हैं । दोपहिया वाहन भी गुजर रही है।

**संतोषी पदुम लाल प्रजा**
पार्षद, वार्ड क्रमांक 47

### शराब दुकान जाने के लिए बनी सड़क

इस मोहल्ले में एक शराब दुकान है। मोहल्ले तक पहुंच मार्ग नहीं है, लेकिन पार्षद द्वारा शराब दुकान जाने के लिए तीन महीने पहले सड़क बनाया गया है। यह हम नहीं बल्कि मोहल्लेवासी ही कह रहे हैं। यह सड़क पेट्रोल पंप के आगे से शराब दुकान पहुंचने के पहले तक निर्माण किया गया है। इससे दुकान तक पहुंचने में लोगों को आसानी होती है, लेकिन मोहल्ले तक जाने कोई सड़क नहीं है।

### तत्कालीन कमिश्नर ने भी देखा था हाल, फिर भी नहीं ली सुध

कुछ साल पहले तत्कालीन निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी इस वार्ड के निरीक्षण में पहुंचे थे। तब उन्होंने भी देखा कि मरघट्टी पारा वालों के आने-जाने के लिए कोई सडक ही नहीं है। इसके बाद भी उन्होंने इस ओर कोई रुचि नहीं दिखाई और बिना कुछ कहे ही वहां से चले गए।

## रोजगार देने में छठवें स्थान पर रायगढ़ 21 लाख से अधिक को मिला काम



मनरेगा के तहत जिले में पंजीकृत लोगों को निरंतर रोजगार प्रदान किया जा रहा है,ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यों की मॉनिटरिंग भी लगातार अधिकारियों के द्वारा की जा रही है, जिसका एक बेहतर परिणाम मिल रहा है।

**अभिजीत बबन पठारे**
सीईओ जिला पंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना के तहत रोजगार सृजन के क्षेत्र में रायगढ़ ने इस वित्त वर्ष में प्रदेश स्तर पर छठवां स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 21 लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के दिन पैदा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो जिले को प्राप्त लक्ष्य 22 लाख 90 हजार मानव दिवस के विरूध्द लगभग 94 प्रतिशत पूरा कर लिया है।

जिले नें यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है। मांग आधारित योजना के अंतर्गत मनरेगा में ग्रामीण क्षेत्रों के अकुशल श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, इससे न केवल ग्रामीणों का पलायन रोकनें में मदद मिलती है, रोजगार के साथ साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी यह योजना अहम योगदान निभा रही है।

### जल संरक्षण और पीएम आवास की मुख्य भूमिका

मनरेगा के तहत जिले में सबसे ज्यादा कार्य जल संरक्षण एवं पीएम आवास के लिए किए जा रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में चेक डेम,डबरी निर्माण, नवीन तालाब निर्माण जैसे कार्य कराए जा रहे हैं।इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण,आंगनबाड़ी भवन,उचित मूल्य दुकान और ग्राम पंचायत भवन निर्माण भी मनरेगा के सहयोग से किए जा रहे हैं। विभाग का दावा है कि इन सभी कार्यों की वजह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी ।

### जिले में 21 लाख से अधिक लोगों को मिला रोजगार

मनरेगा के तहत जिले को शासन की ओर से 22 लाख 90 हजार लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य मिला था, जिसमें से दिसंबर माह तक अब तक 21 लाख 75 हजार को रोजगार दिया जा चुका है। ज्ञात है कि जिले के 7 ब्लॉक के 549 ग्राम पंचायतो में कुल 1 लाख49 हजार जॉब कार्ड है, जिसमें से वर्तमान में 1 लाख 12 हजार जॉब कार्ड ही एक्टिव है। इन जॉब कार्ड के हिसाब से कुल 2 लाख 37 हजार परिवार रजिस्टर्ड है, इन परिवारों में से 1 लाख 83 हजार परिवार वर्तमान में एक्टिव है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में रैली निकाली गई। इसके बाद बांग्लादेश का पुतला जलाकर अपना विरोध जताया।

गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ चौक से सत्तीगुड़ी चौक, हंडी चौक, घड़ी चौक और सुभाष चौक होते हुए महात्मा गांधी प्रतिमा चौक तक रैली निकाली रैली के दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुए महात्मा गांधी प्रतिमा चौक पर पहुंचकर उन्होंने बांग्लादेश के पुतले का दहन कर विरोध जताया गया।बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ गंभीर अमानवीय घटनाएं हो रही हैं और उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

## कोहरे की वजह से थम गई ट्रेनों की रफ्तार, लेट आ रही गाडियां

**रायगढ़।** लगातार घने कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रियों का सफर और भी मुश्किल हो गया है। ठंड में कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार में कमी आ गई है तो कहीं रेल लाइन कार्य को लेकर ब्लाक में ट्रेनें फंस रही। इसके चलते दर्जनों ट्रेनें लेट हो चल रही है।

कुछ ट्रेनें एक से लेकर 6-7 घंटे लेट पहुंच रही। जितनी देर यात्रा पूरी करने में लग रहे, उतनी देर यात्रियों को प्लेटफार्म पर बैठ कर ट्रेनों की प्रतीक्षा करने में लग रही है। यात्री ट्रेनों का लेट-लतीफी का दौर खत्म नहीं हो रहा है। जिसके चलते इन दिनों सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों की लेट लतीफी की वजह से यात्रियों को इस कड़कड़ाती ठंड़ में स्टेशनों पर समय काटना पड़ रहा है। गुरूवार को साउथ बिहार में सफर करनें वाले यात्रियों को करीब 7 घंटे तक स्टेशन में बैठे रहना पड़ा,इस ट्रेन की रायगढ़ पहुंचने का समय दोपहर के 2 बजे का है लेकिन यह रात 8 बजे तक रायगढ़ पहुंची। इसी क्रम में हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस भी 3 घंटे की देरी के बाद रायगढ़ पहुंची। मुंबई की ओर जानें वाली हावडा सीएसटमी ट्रेन रात की बजाए सुबह 5 बजे रायगढ़ पहुंची।सबसे ज्यादा दिक्कत उत्तर भारत की ओर से आ रहे यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वहां से आनें वाली सभी ट्रेनें हर रोज 7 से 8 घंटे लेट से ही आ रही है।



### छुट्टियों एवं नए साल की वजह से ट्रेनें भी फुल

इन दिनों छुट्टियों एवं नए साल की वजह से ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। उज्जैन,पुरी और दिल्ली जानें वाली ट्रेनों में तो दो महीनें तक की वेटिंग दिखा रही है।

**क्षेत्र में 40 से अधिक हाथियों का दल कर रहा विचरण, खेतों को भी पहुंचा रहे नुकसान**

# बंगुरसिया धान खरीदी केंद्र बना हाथियों का भोजनशाला, हर रात देते हैं दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बंगुरसिया धान खरीदी केंद्र हाथियों के लिए भोजनशाला बन गया है। यहां हर रात हाथी अपनी भूख मिटाने आते हैं। एक या दो दिन नहीं बल्कि यहां हर रात हाथियों की आवाजाही होती है। इससे किसानों और कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। अब तक यहां रखी लगभग 15 से 20 बोरी धान हाथियों ने चट गर दिया है। जबकि कई अन्य बोरियों को फाड़कर वहीं फैलाकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। इस घटना से किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। इस क्षेत्र में करीब 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। धान के साथ ही वहां के खेतों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात फिर से हाथियों का एक झुंड बंगुरसिया धान खरीदी केंद्र परिसर में घुस आया। खुले में रखी धान की बोरियों को देखकर हाथी अंदर पहुंच गए और बोरियों को उठाकर धान खाने लगे। हाथियों की मौजूदगी से कर्मचारियों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हाथियों का झुंड काफी देर तक परिसर में घूमता रहा, जिससे धान की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है।



### सीसीटीवी कैमरे में कैद

हाथियों द्वारा केन्द्र में उत्पात मचानें की पूरी घटना खरीदी केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। किसानों का कहना है कि यह धान उन्होंने मेहनत से उगाकर समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए केंद्र में जमा किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि धान खरीदी केंद्र में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। किसानों ने मांग की है कि केंद्र के आसपास नियमित गश्त, मजबूत बाउंड्रीवाल और रात में सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे नुकसान से बचा जा सके।

### क्षेत्र में 43 हाथियों का दल मौजूद

वन विभाग के अनुसार क्षेत्र में 43 हाथियों की मौजूदगी है। जिसमें तमनार रेंज के पूंजीपथर बीट में 5, घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर में 2, रायगढ़ रेंज के बंगुरसिया पूर्व में 5, बंगुरसिया पश्चिम में 31 हाथियों के दल की मौजूदगी है। इसमें 13 नर, 22 मादा व 8 शावक शामिल है। वन अमला भी

## भर्कुरा में हाथियों का आतंक तोड़ा ग्रामीणों का घर, रात भर सुनाई देती रहीं चिंगाडनें की आवाज

भकुर्रा क्षेत्र में जंगल से निकलकर आए लगभग 15 हाथियों के विशाल झुंड ने देर रात ग्रामीणों के घरों पर कहर बरपाया। हाथियों ने गांव के एक घर को बुरी तरह तोड़फोड़ करते हुए आसपास के हिस्सों में भी नुकसान पहुंचाया, अचानक हुए इस हमले से पूरा गांव दहशत में है। ग्रामीणों के मुताबिक हाथियों का झुंड देर रात गांव में घुसा और लंबे समय तक उत्पात मचाता रहा। आवाज़, गड़गड़ाहट और पेड़ों के टूटने की खड़खड़ाहट से पूरा भकुर्रा दहल उठा। ग्रामीणों के मुताबिक भकुर्रा, सगरपाली और गहिरा के जंगलों के आसपास अब भी यह हाथियों का दल मौजूद है, जिससे स्थिति और ज्यादा चिंताजनक हो गई है। लगातार हाथियों की हलचल से गांव में दहशत और भय का माहौल कायम है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। गांव में हाथियों के हमलें की की जानकारी मिलते ही लैलूंगा वन विभाग की टीम अलर्ट मोड में आ गई है। विभाग की टीम लगातार इलाके में गश्त कर रही है और हाथियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे हुए है। ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात में बाहर न निकलने और हाथियों के पास जाने से बचने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने साफ किया है कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश जारी है।



## खबर संक्षेप

### अनु बनीं ओडिशा की नई मुख्य सचिव



**राउरकेला।** ओडिशा प्रशासन में एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनु गर्ग को राज्य की नई मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान मुख्य सचिव मनोज आहूजा का स्थान लेंगी, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इस नियुक्ति के साथ ही अनु गर्ग ओडिशा की पहली महिला मुख्य सचिव बन गई हैं, जिससे राज्य के प्रशासनिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है।सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की अधिसूचना इस संबंध में सामान्य प्रशासन एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। सरकार के इस निर्णय को प्रशासनिक निरंतरता और सशक्त नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### लहुणीपाड़ा के खुटू गांव में मिला दुर्लभ विषैला सांप



**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के लहुणीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत खुटू गांव में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक रिहायशी घर की रसोई में दुर्लभ और अत्यंत विषैला गुंडीचा नाग पाया गया। समय रहते सूचना और त्वरित कार्रवाई के कारण एक बड़ी अनहोनी टल गई। जानकारी के अनुसार, परिवार का एक सदस्य जब खाना बनाने के लिए रसोई में प्रवेश कर रहा था, तभी उसकी नजर कमरे के भीतर कुंडली मारे बैठे बड़े सांप पर पड़ी। यह दृश्य देखकर वह घबरा गया और तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए परिवार ने तुरंत बोनाई स्नेक हेल्पलाइन से संपर्क किया। सूचना मिलते ही स्नेक हेल्पलाइन की टीम मौके पर पहुंची और पूरी सतर्कता के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बचाव के दौरान सांप बार बार फुफकार रहा था और आक्रामक हो रहा थाए जिससे अभियान काफी चुनौतीपूर्ण बन गया। हालांकि, कई घंटों की सावधानीपूर्वक कोशिशों के बाद टीम ने बिना किसी नुकसान के सांप को सुरक्षित पकड़ लिया।

### ओडिशा के दो जिलो के बीच लम्बे पुल का निर्माण



**झलमला।** छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिले ओडिशा हाइवे उनचास उड़िसा झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर विकास खंड के पुजारी पाली के महानदी' से बरगढ़ जिले के विकास खंड आमाभाना के जडीमली तक पुल बनेगी' जिसकी लागत 'दो सौ पचहत्तर करोड़ और तीन किलोमीटर की दुरी होगी और कार्य प्रगति पर है बहुत जल्द बनकर तैयार हो जायेगा जहां ओडिशा दो जिलों की दुरी करीब होगा 'वही छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले कई दर्जनों गांवों और जिले पुर्वीवरती ओडिशा सीमा से लगे गांवों को भी बरगढ़ जिले की दुरी करीब होगी यह पुल ओडिशा के दो जिलो के न केवल दुरी कम होगी बल्कि दो जिले के समुदाय बीच पुल का काम करेगा और सामाजिक और आर्थिक विकास होगा के और आपसी संबंध बढ़ेगी।

### प्लेसमेंट कैम्प आज तहसील परिसर में

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर 2025 को तहसील परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट कैम्प हेतु नियोक्ताओं द्वारा 215 रिक्तियों में भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मन्टेलेन्ट प्राइवेट लिमिटेड़ रायपुर द्वारा कुनकुरी, पत्थलगांव, जशपुर व बगीचा में इलेक्टीशियन पुरूष के 100 पदों हेतु रिक्तियॉ प्राप्त हुई है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आई.टी आई पास होना अनिवार्य होगा।

---

फादर ने पढ़ी बाइबल, जन्म-वृतांत सुनाया, गायन मंडली ने गीतों से किया प्रभु का गुणगान

# आधी रात गूंजी प्रभु यीशु की महिमा विशेष मिस्सा पूजा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

क्रिसमस के पावन पर्व पर शहर के संत इग्नासियुस चर्च (शांति भवन) में बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि विशेष मिस्सा पूजा का भव्य आयोजन किया गया।

प्रधान याजक के रूप में फा.अलेकर लकड़ा ने सबसे पहले चरनी (किब) में बालक यीशु की प्रतिमा तथा जोसेफ मरियम की प्रतिमाओं को आशीष जल से पवित्र किया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। क्रिसमस के विशेष अवसर पर गठित गायन मंडली ने प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े गीतों का सुमधुर गायन किया। इस पावन रात्रि में महिमा-गान का विशेष महत्व रहा, क्योंकि इसी रात ईश्वर-पुत्र के अवतरण की स्मृति में पूरी कलीसिया आनंद और श्रद्धा से भर उठती है।

आकर्षक चरनी और पाप-स्वीकार कार्यक्रम चर्च परिसर में प्रभु यीशु के जन्म की मनोहारी झांकी सजाई गई थी। श्रद्धालुओं ने चरनी में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही पाप-स्वीकार कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें मसीहियों ने वर्षभर में हुए जाने-अनजाने पापों को पादरियों के समक्ष स्वीकार किया। पादरियों ने प्रभु से क्षमा याचना करते हुए पाप-स्वीकार करने वालों को आशीर्वाद प्रदान किया। क्रिसमस की इस पावन मध्यरात्रि में संत इग्नासियुस चर्च श्रद्धा, उल्लास और शांति के संदेश से गूंज उठा। सुरक्षा और व्यवस्थाएं रहीं चाक-चौबंद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शांति भवन समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने पार्किंग, बैठने, अनुशासन और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। इस पावन अवसर पर जशपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए मसीही धर्मावलंबियों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा।





#### परम प्रसाद पाने को उमड़ी भीड़

मिस्सा पूजा के उपरांत अनुयायियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। पादरियों के लिए अलग तथा श्रद्धालुओं के लिए अलग व्यवस्था की गई थी। प्रभु यीशु के आशीर्वाद के प्रतीक रूप में आटे से बने परम प्रसाद को पाने के लिए मसीही श्रद्धालु लालायित नजर आए।

#### उपदेश में मुक्ति और प्रेम का संदेश

मुख्य अनुष्ठाता फादर अजय केरकेट्टा ने क्रिसमस को एक ऐतिहासिक एवं जीवंत घटना बताते हुए ईश्वरीय मुक्ति-योजना को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मानव जाति को पापों से मुक्ति दिलाने एक उद्धारकर्ता के रूप में इस संसार में आए। उन्होंने प्रेम, शांति, भाईचारे और पड़ोसियों से प्रेम का संदेश देकर मानवता को सही मार्ग दिखाया।इस अवसर पर बच्चों के 'एंजल ग्रुप' ने स्वर्गीय दूतों का प्रतिनिधित्व करते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

---



## जमीन विवाद पर हिंसा, घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमला, 9 गिरफ्तार

■ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, स्थिति सामान्य

**कोतबा।** कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम खजरीढाब में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने के प्रकरण में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी, जिसे देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था कायम की।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी भुवन लाल ने चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2016 में उनके पिता कन्हैया लाल ने गांव खजरीढाब में 20 डिसमिल जमीन खरीदी थी, जिसकी विधिवत रजिस्ट्री हो चुकी है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा वर्ष 2025 में उसी जमीन से जुड़ी 60 डिसमिल भूमि किसी अन्य को बेच दी गई और उसी के आधार पर प्रार्थी के पिता की 20 डिसमिल जमीन पर भी कब्जा जताने का प्रयास किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बीएनएस की धारा 298, 351(2), 333, 115(2), 109(1), 190(1) व 191 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त 6 लाठी-डंडे जब्त किए। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

#### पहले भी हुई थी मारपीट

23 दिसंबर को कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर प्रार्थी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई थी, जिस पर पुलिस ने पहले ही मामला दर्ज कर कार्रवाई की थी। इसी कार्रवाई से नाराज होकर आरोपियों ने दोबारा हमला करने की साजिश रची।

---

### सुशासन सप्ताह बना प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता का सेतु




रायगढ़। सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव की ओर के तहत जिले में 25 दिसंबर तक ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीण सीधे अपने आवेदन लेकर आ रहे हैं और सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। यह पहल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निवारण करना नहीं है, बल्कि ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलभता और प्रशासन की तत्परता को भी दिखाना है। उल्लेखनीय है कि यह अभियान सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं हैए बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और सहयोग की मजबूत कड़ी है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि इसे पूरी लगन और तत्परता के साथ संचालित करें ताकि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं का वास्तविक लाभ मिल सके और सुशासन की भावना गांव गांव तक फैल सके। शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। ग्रामीणों को अब लंबी कतारों में खड़े होने या दूरस्थ कार्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुँचकर अपने आवेदन जमा करवा रहे हैं और उनका काम तुरंत निपट रहा है।

### पीयूसी के बिना ईंधन नहीं नियम की तिथि बढ़ी, अब 1 फरवरी से होगा लागू



**राउरकेला।** मोटर वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार ने वैध पीयूसी प्रमाणपत्र के बिना ईंधन नहीं नियम के क्रियान्वयन की तिथि बढ़ा दी है। आम जनता को प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र पीयूसी प्राप्त करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को फिलहाल स्थगित किया गया है। पहले यह व्यवस्था जनवरी से लागू की जानी थी, लेकिन जनसामान्य की मांग और बढ़ती असुविधा को देखते हुए अब इसे 1 फरवरी से प्रभावी किया जाएगा। यह निर्णय वाणिज्य एवं परिवहन मंत्री बिभूति भूषण जेना के निर्देश पर लिया गया है। तिथि बढ़ने के साथ ही परिवहन विभाग ने उन वाहन मालिकों से अपील की है, जिनके पास मोटर वाहन अधिनियम के तहत अनिवार्य वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं है, कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपने वाहनों की जांच कराकर प्रमाणपत्र प्राप्त कर लें। विभाग का मानना है कि इस अतिरिक्त समय से नागरिक बिना किसी भ्रम या दबाव के प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि 1 फरवरी से पहले किसी भी पेट्रोल पंप को पीयूसी प्रमाणपत्र के अभाव में किसी वाहन को ईंधन देने से इनकार करने की अनुमति नहीं होगी। इस निर्देश से पेट्रोल पंप संचालकों और वाहन चालकों दोनों को स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल गई है।

### राउरकेला में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना ईशा मसीह का जन्मोत्सव



**राउरकेला।** राउरकेला में प्रभु ईशा मसीह का जन्मदिन क्रिसमस बुधवार को गहरी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के हमीरपुर समेत सुंदरगढ़ जिले के सौ से अधिक गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गयाए जहां अपने आराध्य प्रभु के जन्मोत्सव को मनाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर ही गिरजाघरों में मध्यरात्रि प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। जैसे ही प्रभु ईशा के जन्म का संदेश दिया गया, गिरजाघरों में भक्ति गीतों और घंटियों की मधुर ध्वनि गूंज उठी। श्रद्धालुओं ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु ईशा के चित्र और पालने में विराजमान बालक यीशु के समक्ष प्रार्थना की। प्रार्थना सभाओं के दौरान धर्मगुरुओं ने प्रभु ईशा के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, क्षमा, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु ईशा का जन्म मानवता को सही मार्ग दिखाने और समाज में शांति स्थापित करने के लिए हुआ था। इस अवसर पर गिरजाघरों को रंग बिरंगी रोशनी, फूलों और क्रिसमस सजावट से आकर्षक रूप दिया गया था। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर क्रिसमस कैरोल, नाट्य मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### बॉलीवुड सितारों को नृत्य सिखाकर पहचान बना रहीं राउरकेला की रोज़ा




**राउरकेला।** राउरकेला की प्रतिभाशाली नृत्यांगना रोज़ा राणा आज बॉलीवुड के नामचीन कलाकारों को नृत्य निर्देशन देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। बचपन से ही नृत्य के प्रति स्वाभाविक लगाव रखने वाली रोज़ा ने मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर एक साधारण नृत्यांगना से लेकर लोकप्रिय डांस कोरियोग्राफर बनने तक का प्रेरक सफर तय किया है। रोज़ा राणा का नृत्य से जुड़ाव बेहद कम उम्र में शुरू हो गया था। मात्र डेढ़ वर्ष की आयु से ही उन्होंने नृत्य सीखना शुरू कर दिया था। समय के साथ उनकी प्रतिभा निखरती गई और आज वे कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं। रोज़ा राणा ने हिंदी फिल्म जगत के कई बड़े सितारों को फिल्मोंए पुरस्कार समारोहों और विशेष आयोजनों के लिए नृत्य निर्देशन दिया है। उनके साथ काम करने वाले कलाकारों में माधुरी दीक्षित, रश्मिका मंदाना, कैटरीना कैफ, वाणी कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे चर्चित नाम शामिल हैं। वर्ष 2003 में चर्चित रियलिटी शो बूगी वूगी में हिस्सा लेकर रोज़ा पहली बार सुर्खियों में आईं, जहां वे प्रथम रनर अप रहीं। इसके बाद 2006 में भी उन्होंने रनर अप का स्थान हासिल किया। आगे चलकर डांस प्रीमियर लीग, डांस इंडिया डांस, नच बलिए, सुपर डांसर, फेमिना मिस दिवा जैसे कई बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

---

## सरसीवां में विराट हिन्दू सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त उमड़ा जनसैला




**सरसीवां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिन्दू सम्मेलन समिति मंडल सरसीवां द्वारा भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत भक्तिमय वातावरण में भारत माता एवं गुरु घासीदास की आरती के साथ हुआ, जो सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम रहा।

शताब्दी वर्ष और सनातन संस्कृति का उद्घोष कार्यक्रम के मुख्य वक्ताए अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख आदरणीय सुनील कुलकर्णी ने संघ के 100 वर्षों की राष्ट्र सेवा की गाथा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष का यह अवसर भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संदेश को विश्व पटल पर पुनः स्थापित करने का है। मुख्य अतिथि महंत राम कुमार दास जी महाराज पथिक आश्रम पिपरडुलाद्ध ने हिन्द होने का गर्व विषय पर प्रकाश डालते हुए समाज को अपनी जड़ों की ओर लौटने का आह्वान किया। पंच परिवर्तन वक्ता शिवा कुमारी साहू ने सामाजिक सुधार हेतु पंच परिवर्तन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। सामूहिक संकल्प समिति के अध्यक्ष रमेश जालान ने उपस्थित जनसमूह को पंच परिवर्तन के पांचों आयामों पर चलने का संकल्प दिलाया। मंच पर समिति की उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे एवं सतनामी समाज के प्रतिनिधि यादराम मल्होत्रा की विशेष उपस्थिति ने सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन खंड कार्यवाह चिराग साहू ने किया और अंत में संयोजक नरोत्तम द्विवेदी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## अंतर्राज्यीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा तमनार में शुभारंभ

**तमनार।** सर्वोदय नवयुवक मण्डल पटनायक मोहल्ला तमनार द्वारा आयोजित 17 वां वर्ष अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2025-26 का आयोजन 25 दिसम्बर को हाई स्कूल मैदान तमनार में भव्य शुभारम्भ किया गया। फायनल मैच समापन 1 जनवरी 2026 नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया जाएगा।

शुभारंभ में अतिथिगण ग्राम गौटिया अश्विनी पटनायक वरिष्ठ समाज सेवी, मुकुदमुरारी पटनायक करण समाज अधयक्ष, गींताजली पटनायक बीडीसी तमनार अन्य गणमान्य नागरिक एवं आयोजन समिति के सदस्यगणों खेल प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य शुभारंभ की गई। सर्वप्रथम चित्रगुप्त महाराज बजरंग बली की पूजा अर्चना कर बिजना और झारकोलम के मध्य टॉस की गई। बिजना ने टॉस जीतकर गेंदबाजी की झारकोलम ने 71 रन बनाए बिजना 17 रन से मैच हार गए। प्रतियोगिता में स्थानीय ग्रामीण तमनार, रायगढ़ सहित अन्य ग्राम पंचायतो के 48 टीम शामिल होंगे। हाई स्कूल मैदान के चारो ओर रंग रोगन व झंडा से सुसज्जित कर सजाया संवारा गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरुस्कार 1 लाख 51 हजार व करण कप द्वितीय पुरुस्कार 61 हजार व करण कप तृतीय पुरुस्कार 15 हजार करण कपएमेन ऑफ दी सीरीज व कप एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ़ दी मैच, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, फील्डर, कीपर को विशेष आकर्षक पुरुस्कार एवं हैट्रिक विकेट, चौके छक्के पर अन्य आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। बता दें कि वर्ष 2009 से हर वर्ष 25 दिसम्बर से 1 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश, अंग्रेजी कलेंडर नव वर्ष के सुअवसर पर आयोजन की जाती है। स्पर्धा में स्थानीय ग्रामीण, रणजी, प्रांतीय व राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध खिलाड़ी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शन करते है।



---

प्रशासन गांव की ओर पहल से फरसाबहार में मिले त्वरित लाभ

## सुशासन शिविर बना जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल सुशासन शिविर प्रशासन गांव की ओर के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड फरसाबहार में 24 दिसम्बर 2025 को सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ विभिन्न विभागों द्वारा अपने–अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा विभागवार आवेदन पत्र प्राप्त किए गए।

शिविर के दौरान कुल 28 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें खाद्य विभाग से 1, कृषि विभाग से 1, महिला एवं बाल विकास विभाग से 7, विद्युत विभाग से 1, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 3, पशुपालन विभाग से 4, राजस्व विभाग से 8, क्रेडा विभाग से 2 तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से 1 आवेदन शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा कई हितग्राहियों को मौके पर ही त्वरित लाभ भी प्रदान किया गया।

#### बनगांव के बृज कुमार चौहान को मिली ट्राई साइकिल

शिविर की सबसे भावनात्मक सफलता ग्राम पंचायत बनगांव निवासी ब्रिज कुमार चौहान की रही, जो विगत तीन माह से ट्रायसाइकिल प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। शिविर के माध्यम से उन्हें तत्काल ट्रायसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों का समाधान हुआ। उन्होंने इसके लिए शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए तथा ग्राम पंचायत फरसाबहार निवासी जानकी बाई पति रघुनाथ राम, चन्द्रशेखर बेहरा पिता लक्ष्मण बेहरा, पारस पिता ईश्वर साय एवं बबलू पटेल पिता दिनेश्वर लाल पटेल को अपने पूर्ण आवास का प्रमाण पत्र सौंपा गया। मनरेगा के माध्यम से कुल 8 हितग्राहियों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए, जिनमें ग्राम पंचायत हेटघींचा से करिश्मा बाई पति ईशांत राम, ग्राम पंचायत फरसाबहार से जीवन्ती खलखो पति संदीप खलखो, पतरेसिया मिंज पति जोहन मिंज, मंजू तिग्गा पति सलीम तिग्गा, ग्राम पंचायत खुटगांव से असरिता भगत पति रामदेव भगत, दुलमनी भगत पति परमानन्द भगत, आशा मिंज पति मनोज तिर्की तथा राधा चौहान पति तेजू प्रसाद शामिल हैं। इन परिवारों को सुशासन शिविर के माध्यम से 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित हुआ है। शासन की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि सुशासन शिविर वास्तव में जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। शासन की यह पहल न केवल सहायता प्रदान करती है, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने की नई आशा भी देती है।

## पीड़ित परिवार को दी गई चार लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व और सीएम कैंप कार्यालय बगिया की तत्पर भूमिका के चलते एक पीड़ित परिवार को लंबे इंतजार के बाद न्याय और राहत मिली है। मिट्टी निकालने के दौरान जमीन धंसने से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

गौरतलब है कि जिले के ग्राम मटासी, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर निवासी कौशल्या बाई, पति महिपाल राम, कि 2023 में चूही मिट्टी निकालने के दौरान जमीन धंसने से घटनास्थल पर ही दुखद मृत्यु हो गई थी। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, लेकिन लंबे समय तक मुआवजा राशि नहीं मिलने से परिजन मानसिक और आर्थिक रूप से बेहद परेशान थे। लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी पीड़ा मुख्यमंत्री तक पहुंचाई।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे मामले को संवेदनशीलता के साथ देखते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा मृतिका के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर शीघ्र प्रदान की गई।आर्थिक सहायता मिलने से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है।



# सात समुंदर पार गाने का नया वर्जन देख भड़के लोग

**नई दिल्ली।** 34 साल पहले एक फिल्म रिलीज हुई थी 'विश्वात्मा'। इसमें सनी देओल और दिव्या भारती सहित कई सितारे नजर आए थे। फिल्म का गाना 'सात समुंदर पार' खूब हिट हुआ था। आज भी लोगों की जुबां पर है। पर अब इस गाने को रीमेक किया गया है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' फिल्म के लिए। पर लोगों को ये नया वर्जन खास पसंद नहीं आ रहा है। ऊपर से लोग कह रहे हैं कि अच्छे खासे आइकॉनिक गाने को बर्बाद कर दिया। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के नए गाने की आलोचना हो रही है और कार्तिक आर्यन-अनन्या पांडे को जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है।



लाइफ Style

# यामी
## शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था

फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों। हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी। उस वक्त आदित्य धर यह पक्का करना चाहते थे कि मैं कम्फर्टेबल रहूं।

हॉलीवुड मसाला



# डूम्स डे में कैप्टन की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' के टीजर में दर्शकों को अब साफतौर पर पता चल चुका है फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो रही है। इस फिल्म को लेकर मार्वल एक्शन, सुपरहीरो मूवीज के फैन काफी उत्साहित हैं। टीजर में एक घर के गॉर्डन से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव (कैप्टन अमेरिका) अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है। बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव घर के अंदर जाकर कैप्टन अमेरिका का कॉस्ट्यूम एक बॉक्स से निकालता है।




# प्रियंका की बेटी खुद को कहती हैं 'इंडियन प्रिंसेस'

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस भले ही लॉस एंजिल्स में रहती हैं, लेकिन उनका दिल पूरी तरह से भारतीय है। वे अपनी बेटी मालती मैरी जोनस को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने के लिए हर मुमकिन प्रयास करती हैं। हाल ही में 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में आईं प्रियंका ने बताया कि विदेश में रहकर भी वह अपनी बेटी को भारतीय परंपराओं से जोड़े रखती हैं। प्रियंका ने बताया, 'मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि मालती भारतीय संस्कृति और परंपराओं से अच्छे से जुड़ी रहे।' सबसे प्यारी बात जो प्रियंका ने मालती के बारे में बताईं, वो यह है कि जब भी मालती घाघरा-चोली पहनती हैं, तो खुद को 'इंडियन प्रिंसेस' कहती हैं। प्रियंका ने बताया, 'मालती को घाघरा, बिंदी और चूड़ियां बहुत पसंद हैं। मैं हमेशा उसके लिए ये चीजें लेकर जाती हूं।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शुरू हुई शूटिंग

**मुंबई।** पॉप्युलर वेब सीरीज में से एक 'मिर्जापुर' ने पहले सीजन से ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि दर्शकों ने इसके सारे सीजन को दिल से प्यार दिया है। जल्द ही 'मिर्जापुरः द फिल्म' दर्शकों के सामने दस्तक देगी। जिसकी शूटिंग शुरू हो गई है। श्वेता त्रिपाठी ने तो मुहूर्त पूजा से लेकर शूटिंग की कुछ झलक दिखाई है। साथ ही गुड्डू भैया उर्फ अली फजल ने भी एक वीडियो शेयर किया है। दरअसल, 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग राजस्थान में चल रही है। एक्टर अली फजल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गुड्डू भैया के किरदार में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग इस समय जारी है और राजस्थान का शेड्यूल चल रहा है। खास तौर पर जैसलमेर और जोधपुर के लोगों का दिल से धन्यवाद।



# ईद पर धुरंधर2-टॉक्सिक का होगा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2025 में ब्लॉकबस्टर फिल्मों की फेहरिस्त में धुरंधर टॉप पर है। फिल्म की कमाई इतनी ज्यादा हो रही है कि हर कोई इसकी कमाई को देखकर हैरान है। फिल्म की कमाई को देखते हुए मेकर्स ने अब इसके अगले पार्ट का ऐलान किया है, लेकिन मेकर्स ने शानदार दांव भी खेला है, जिसकी चर्चा अब हर कोई कर रहा है। धुरंधर 2 को ईद पर 19 मार्च 2026 को रिलीज़ किया जाएगा। इसी तारीख पर यश की टॉक्सिक भी रिलीज होने जा रही है। हाल ही में फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आया है। ऐसे में अब बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होगा। हालांकि, मेकर्स ने रिलीज डेट के साथ ही ये तय किया है कि धुरंधर पांच भाषाओं में आएगी और रिलीज डेट नहीं बदली गई है। भले ही गल्फ देशों में फिल्म को बैन किया गया हो।

टीवी मसाला






# नाना या नानी... अगस्त्य के लिए बिग बी ने खड़ी की मुसीबत

**नई दिल्ली।** बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर किसी को अमिताभ बच्चन का शो कौन बनेगा करोड़पति बेहद पसंद है। वजह होस्ट अमिताभ बच्चन की हर जेनरेशन के लोगों से कनेक्टिविटी बनाने की अदा। हर बार कंटेस्टेंट के साथ-साथ शो में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए एक्टर्स भी आते हैं और बिग बी सभी से बड़े सम्मान और लाड़-प्यार से पेश आते हैं। पिछले दिनों कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे हॉट सीट की गेस्ट बनकर आई थीं और अब इस कुर्सी पर उनके नाति अगस्त्या नंदा नजर आए। अगस्त्य बहुत जल्द फिल्म इक्कीस के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। ये एपिसोड फुल ऑन फैमिली अफेयर होने वाला है, क्योंकि अगस्त्य के साथ इसमें श्वेता बच्चन और बहन नव्या भी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इसका एक प्रोमो सोनी टीवी के इंस्टाग्राम पर रिलीज किया गया। इस दौरान कुछ सवाल जवाब का दौर चलता है। एक दर्शक अगस्त्य से सवाल करती है कि उनका पसंदीदा कौन है नाना (अमिताभ बच्चन) या नानी (जया बच्चन)। इसका जवाब देते समय अगस्त्य कहते हैं कि थोड़ा मुशक्लि है और वो हंसी-हंसी में सवाल को टाल देते हैं। लेकिन, अमिताभ जानबूझकर बीच में टोकते हैं और कहते हैं कि नहीं, नहीं बोलने दीजिए हमें भी जानना है। जयदीप मजाक करते हुए आसान राह बताते हैं और कहते हैं,'अगर वैनिटी में पिटना है तो नानी का नाम ले लो और घर जाके पिटना है तो नानू का नाम ले लो।' इक्कीस की कहानी सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी बयां करती है, जो परम वीर चक्र पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।

## बाहुबली द एपिक अब ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** साल 2015 में आई 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 2017 में रिलीज 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' को मिलाकर बनाई गई 'बाहुबली द एपिक' बीते



अक्टूबर में सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई थी। अब 55 दिन बाद प्रभास और एसएस राजामौली की यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया, राम्या कृष्णन और नासर स्टारर 'बाहुबली द एपिक' ने री-रिलीज पर दुनियाभर में ₹51.72 करोड़ कमाए। जबकि फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 'बाहुबली' ने दुनियाभर में ₹650 करोड़, और 'बाहुबली 2' ने ₹1788 करोड़ का ग्रॉस बिजनेस किया था। जहां तक एसएस राजामौली की बात है, तो वह इन दिनों महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। 'बाहुबली 2' के बाद उन्होंने 2022 में आरआरआर बनाई थी, जिसमें जूनियर एनटीआर और राम चरण लीड रोल में थे।

# 2025 में इन 7 स्टार किड्स ने किया डेब्यू

*नई दिल्ली। साल 2025 कई बॉलीवुड स्टार्स के लिए शानदार रहा, तो कुछ नए और स्टार किड्स के लिए भी खास रहा। कई स्टार किड्स ने इस साल डेब्यू किया। कुछ ने अपनी मेहनत और टैलेंट से सफलता पाई, तो कुछ को दर्शकों से औसत या निराशाजनक प्रतिक्रिया मिली। 2025 बॉलीवुड में नए चेहरों और स्टार किड्स का साल रहा। कई ने फिल्मों या वेब सीरीज से शुरुआत की। कुछ ने रोमांटिक, थ्रिलर या ड्रामा फिल्मों से एंट्री मारी। नेपोटिज्म की चर्चा के बीच कुछ स्टार किड्स ने साबित किया कि सिर्फ परिवार का नाम काफी नहीं, टैलेंट जरूरी है। आर्यन खान से अहान पांडे तक, कुछ के डेब्यू ने खूब धूम मचाई।*

**आर्यन खान** : शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने एक्टिंग नहीं, डायरेक्शन चुना। उनकी पहली वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' नेटफ्लिक्स पर सितंबर में रिलीज हुई। आर्यन ने इसे लिखा, प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया। सीरीज बॉलीवुड की चमक-दमक और अंदर की कहानियों पर थी। यह साल की सबसे चर्चित डेब्यू रही।

**अहान पांडे** : अनन्या पांडे के चचेरे भाई और चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' से डेब्यू किया। फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई









करने वाली फिल्मों में शामिल हुई। अहान की एक्टिंग को बहुत सराहा गया। वे रातोंरात स्टार बन गए। उनका डेब्यू ब्लॉकबस्टर साबित हुआ।

**राशा थडानी** : रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म 'आजाद' से एक्टिंग में कदम रखा। फिल्म 17 जनवरी को रिलीज हुई। राशा की डांस और एक्टिंग पसंद की गई, खासकर गाने 'उई अम्मा' को। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई और फ्लॉप रही।

**अमन देवगन** : अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी 'आजाद' से ही डेब्यू किया। यह दोनों की पहली फिल्म थी, जिसमें अजय देवगन सपोर्टिंग रोल में थे। अमन की एक्टिंग को खास तारीफ नहीं मिली। फिल्म का प्रदर्शन कमजोर रहा।

**शनाया कपूर** : संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से डेब्यू किया। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज हुई। शनाया की एक्टिंग को औसत बताया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

**इब्राहिम अली खान** : सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान ने खुशी कपूर के साथ 'नादानियां' से डेब्यू किया। यह रोमांटिक कॉमेडी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फिल्म को नेगेटिव रिव्यू मिले और यह फ्लॉप रही।


**सारा अर्जुन** : चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर पहले से काम कर चुकी सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर डेब्यू किया। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और 350 करोड़ से ज्यादा कमाई की। यह ब्लॉकबस्टर रही। सारा की एक्टिंग को खूब सराहा गया।

# सुजैन ने दोनों बेटों संग पोज देकर लिखा, 'शेरनी मां'



**मुंबई।** ऋतिक रोशन के कजिन ईशान रोशन ने ऐश्वर्या सिंह के साथ शादी रचाई है। शादी में पूरे रोशन परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। शादी से पूर्व के फंक्शन में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी शामिल हुईं। हालांकि, तबीयत खराब होने के चलते वे शादी में शामिल नहीं हो पाईं। इस शादी के फंक्शन में ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन भी ग्लैमरस लुक में पहुंचीं। सुजैन खान ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने शादी के फंक्शन से अपनी फोटोज साझा किए हैं। वे ट्रेडिशनल लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। साथ में उनके दोनों बेटे रेहान और ऋदान भी दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ सुजैन खान ने कैप्शन लिखा है, 'शेरनी मां..., मेरे बेटों की मुस्कुराहट से मेरा दिल खुशी से भर गया है। मेरे रे (रेहान ) और रिद्जा (ऋदान)... यहां से लेकर समय के आखिर तक तुम दोनों मेरे सबसे बहादुर दिल वाले शूरवीर रहे हो, तुम दोनों को अपना कहने पर मुझे बहुत गर्व है'। ईशान रोशन, एक्टर ऋतिक रोशन के चचेरे भाई हैं। ईशान म्यूजिक कंपोजर राजेश रोशन के बेटे हैं। ईशान एचआरएक्स फिल्म्स में प्रोड्यूसर के रूप में काम करते हैं। उन्होंने ऋतिक रोशन और यामी गौतम की साल 2017 में आई फिल्म 'काबिल'में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया था। बता दें कि ऋतिक रोशन और सुजैन की शादी साल 2000 में हुई थी। मगर, 2014 में इनका तलाक हो गया।

## गांव में फकीर के गानों की नकल करते-करते सीखा था गाना
# रफी ने मौत से चंद घंटे पहले रिकॉर्ड किया था आखिरी गाना



*नई दिल्ली। मोहम्मद रफी के गाने आज भी संगीत प्रेमियों के बीच खूब सुने और गुनगुनाए जाते हैं। रफी साहब ने प्रेम, दुख, सुख, देशभक्ति, भजन, बालगीत लगभग हर मिजाज के गीतों को गाया। उनके नाम लगभग 26 हजार गीत गाने का रिकॉर्ड है। मोहम्मद रफी को शहंशाह-ए-तरन्नुम भी कहा जाता था। वे बहुत कम बोलने वाले, जरूरत से ज्यादा विनम्र इंसान थे। रफी साहब ने अपने गांव में फकीर के गानों की नकल करते-करते गाना गाना सीखा था और एक वक्त ऐसा आया जब वो देश के सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गायकों में से एक बन गए।*

### सैलून में करते थे काम भाई ने पहचाना हुनर

मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को ब्रिटिश पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह में हुआ। मोहम्मद रफी गायिकी की दुनिया में किसी प्लानिंग के तहत नहीं आए, बल्कि उन्हें ईश्वर ने सुरीले कंठ से नवाजा। उनके बड़े भाई ने इसे पहचाना और फिर उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। रफी साहब कम उम्र से ही अपने भाई के सैलून में काम करने लगे थे। यहां काम करते हुए वे गाने गुनगुनाते। उनके भाई ने रफी साहब के इस हुनर को पहचाना और फिर इसी दिशा में आगे बढ़ाया।

### हुनर के आगे बदली परिवार की सोच

मोहम्मद रफी का जन्म अल्ला राखी और हाजी अली मोहम्मद के घर हुए। उनके माता-पिता जट मुस्लिम परिवार से थे। आठ भाई-बहनों में मोहम्मद रफी सातवें नंबर की संतान थे। इनके भाई बहने थे- चिराग बीबी, रेशमा बीबी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद दीन, मोहम्मद इस्माइल, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद सिद्दीक। घर पर मोहम्मद रफी को फिक्को कहकर पुकारा जाता। कहा जाता है कि रफी साहब का परिवार रुढ़िवादी था, जहां नाच-गाने पर पाबंदी थी। मगर, रफी के हुनर के आगे परिवार की सोच भी बदल गई।

### शाम फिर क्यों उदास है दोस्त

मोहम्मद रफी 31 जुलाई 1980 को दुनिया को अलविदा कह गए। संगीत और गायिकी से उन्हें ऐसा लगाव था कि निधन से सिर्फ चंद घंटे पहले उन्होंने गाना रिकॉर्ड किया था। वह गाना फिल्म 'आस-पास' के लिए था, जिसमें लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का संगीत था। 31 जुलाई 1980 का ही दिन था, जब रफी साहब ने आखिरी बार अपनी मखमली आवाज से स्टूडियो को गुंजायमान किया था। निधन से चंद घंटे पहले ही वह 'आस पास' फिल्म के 'शाम फिर क्यों उदास है दोस्त, तू कहीं आसपास है दोस्त' गाने की रिकॉर्डिंग करके आए थे।

### बुखार में गाया था ये गाना

102 डिग्री बुखार में कोई शख्स ठीक से बोल नहीं पाता है, ऐसी परिस्थिति में अगर कोई गायक गीत गाता है तो ये उसके कर्म समर्पण की मिसाल को कायम करता है। गाने के बोल थे- जाने क्या ढूंढती रहती हैं ये आंखें मुझमें..। एक रिपोर्ट के अनुसार इस गीत की रिकॉर्डिंग के दौरान रफी साहब की तबीयत काफी खराब थी, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी सेहत की परवाह किए बिना इस गाने को रिकॉर्ड किया, ताकि संगीतकार और निर्मातओं का कोई नुकसान न हो जाए। साढ़े तीन मिनट के इस गाने को बुखार में भी मोहम्मद रफी ने शानदार तरीके से गाया था।

### बच्चों को नहीं आने दिया संगीत की दुनिया में

मोहम्मद रफी ने दो शादियां की थीं। कुल मिलाकर दोनों शादी से मोहम्मद रफी के सात संतानें हुईं। लेकिन, इनमें से किसी ने भी पिता की तरह संगीत में करियर नहीं बनाया। खुद मोहम्मद रफी के कारण ऐसा हुआ। रफी साहब पर लिखी अपनी किताब 'मोहम्मद रफी- माय अब्बा' में उनकी बहू और बहुत बड़ी फैन यास्मीन खालिद रफी ने इसका खुलासा किया है। किताब के मुताबिक 'रफी साबह खुद कभी नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे भी उनकी तरह गायिकी करें। इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को शुरू से ही बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाया। वह बड़े आध्यात्मिक इंसान थे। वह कहते थे कि मुझ पर ऊपर वाले का करम है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि मेरे बच्चे वो कर पाएंगे, जो मैंने किया है। वह नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे समाज के उस दबाव को महसूस करें कि एक महान सिंगर के बच्चे भी उनकी तरह ही महान गायक बनें।'

## खबर संक्षेप

### 28 से 30 दिसंबर तक शिविर का आयोजन

**खरसिया।** नगर की समाजसेवी संस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा स्व धुराम अग्रवाल की स्मृति में भगवान महाबीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से स्थानीय अग्रसेन भवन खरसिया में 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में हाथ या पैर से विकलांग व्यक्ति को माप के अनुसार उत्तम क्वालिटी का कृत्रिम अंग प्रदान किया जावेगा। क्षेत्र के हाथ पैर से दिव्यांग लोग इस शिविर में आकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

### व्यावसायी ने पुलिस में की बैंक की शिकायत

**खरसिया।** नगर के परिवहन व्यवसायी त्रिलोक शर्मा द्वारा मार्च 2018 में 4 पुरानी ट्रेलर वाहन इंडसइन्ड बैंक शाखा खरसिया से फायनेंस कराया था। जिसकी कुल राशि लगभग 40 लाख थी। जिसके एवज में बैंक द्वारा 16 नग कोरा चेक जमा करा लिया गया था। वहीं पीडित द्वारा किश्तों में कुल राशि 28.50 लाख रूपए साल 2018 से 2019 के मध्य नगद बैंक में जमा किया गया है। पीडित व्यापारी द्वारा उक्त चारों वाहनों को चलने योग्य नहीं होने के कारण इण्डसन्ड बैंक के पास जमा भी कर दिया था और उसकी पावती भी ले ली थी। इसके बावजूद इण्डसन्ड बैंक द्वारा पीडित व्यक्ति को चेक बाउंस के प्रकरण में फंसाने की उद्देश्य से उक्त कोरे चेक का दुरूप्रयोग करते हुए भुगतान के लिए बैंक में जमा कर दिया है। इसकी शिकायत पुलिस में की गई है।

### बिलाईगढ़ में कल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**बिलाईगढ़।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 27 दिसंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू जागरण को नई ऊर्जा व चेतना प्रदान करना तथा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक थाना मैदान, बिलाईगढ़ में संपन्न होगा। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता अपेक्षित है। आयोजकों ने बताया कि जनसहभागिता से आयोजन की गरिमा बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम के लिए सर्व हिन्दू समाज बिलाईगढ़ मंडल जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### कन्या शाला में मनाई गई अटल जयंती



**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या शाला घरघोड़ा में सुशासन दिवस के अवसर पर सुशासन को समर्पित व्यक्तित्व अटल विहारी बाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार को स्मरण करते हुए जयंती मनाई गई। उनके प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए पोखरण के परमाणु परीक्षण, बस यात्रा एवं पड़ोसी राष्ट्र के साथ संवाद, शक्ति एवं शाँति का संतुलन एवं भारतीय राजनीति मे उनके नैतिकता का पाठ य नैतिक व जीवन मूल्यों का आचरण पर परिचर्चा करते हुए उनके राष्ट्रीय अवदानों को शिक्षकों ने छात्राओं के मध्य स्मरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा, अखिलेश मिश्रा प्रधानपाठक सहित व्याख्याता संदीप पाण्डेय ने अटल विहारी बाजपेयी के राजनितिक एवं साहित्य जीवन पर प्रकाश डालते हुए सुशासन को समर्पित व्यक्तित्व की कविताओं को पढ़कर छात्राओं को सुनाया गया एवं पाण्डेय ने पुष्प अर्पित किए। शिक्षक विजय पंडा ने सुशासन दिवस के अवसर पर जो कल थे आज नही हैं जो आज हैं वे कल नही होंगे। कविता को छात्राओं शिक्षकों के मध्य सुनाते हुए कर्मक्षेत्र मे निरंतर कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। व्याख्याता तिलोक चक्रधारी ने वाजपेयी की वाक शक्ति एवं उनके कार्य काल के दौरान किए गए कार्यों को तो प्रमोद साहू ने उनकी कविताओं का वाचन कर छात्राओं को सुनाया। इस अवसर पर स्कूली परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## रायगढ़ में 50 लाख की लागत से निर्मित अटल परिसर का हुआ वर्चुअल लोकार्पण

# अटल परिसर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और लोक कल्याण के मूल्यों से जोड़ेंगे: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में अटल शताब्दी वर्ष के अंतर्गत निर्मित 115 अटल परिसरों का लोकार्पण किया। इनमें रायगढ़ नगर पालिक निगम द्वारा सर्किट हाउस चौक में 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर भी शामिल है। ये अटल परिसर सुशासन, स्मृति और प्रेरणा के स्थायी केंद्र के रूप में विकसित किए गए हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और लोक कल्याण के मूल्यों से जोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकहित के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी केवल प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी चिंतक थे, जिन्होंने राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का सशक्त माध्यम बनाया। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण उनके ऐतिहासिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का अविस्मरणीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अटलजी की सोच "अंतिम व्यक्ति तक विकास" आज भी छत्तीसगढ़ सरकार की नीति और नीयत का मूल आधार है। सुशासन की यह सतत यात्रा अटलजी के आदर्शों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक, मानवीय और सांस्कृतिक संपदाओं से समृद्ध राज्य है और तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।




वर्चुअल लोकार्पण के बाद संबोधित करते सीएम और रायगढ़ के अटल परिसर में जनप्रतिनिधि।

### पहले बजट से अटल परिसरों का संकल्प-चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने अपने पहले बजट से ही प्रत्येक नगरीय क्षेत्र में अटल परिसर निर्माण का संकल्प लिया था, ताकि अटलजी के ऐतिहासिक योगदानों को स्थायी स्मृति के रूप में संरक्षित किया जा सके। आज प्रदेश में 115 अटल परिसरों का लोकार्पण इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश का पहला गुड गवर्नेंस डिपार्टमेंट गठित किया गया है। ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र, प्रशासनिक सरलीकरण तथा तकनीक आधारित सेवाओं से सुशासन को नई गति मिली है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ अंजोर विजन के माध्यम से प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।



# किरोड़ीमल नपं में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आज नगर पंचायत किरोड़ीमल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा अटल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रमुख जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में इस अवसर पर किरोड़ीमल नगर पंचायत में अटल परिसर का भी उद्घाटन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र शिखा गबेल उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में छाया विधायक खरसियसा महेश साहू,नगर पंचायत सदस्य कमल गर्ग,जिला कार्य समिति सदस्य गोपाल सिंह ठाकुर, किरोड़ीमल के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय अग्रवाल की भी उपस्थिति रही। अटल परिसर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेन्द्र बहादुर सिंह के द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अटल जी के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने अटल जी के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी और संवेदनशील बनाना ही इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम में नगर पंचायत के सब इंजीनियर अरूण राठौर अन्य कर्मचारियों का भी योगदान रहा।

# पांचवें दिवस सीताराम विवाह प्रसंग में जयघोष के साथ झूमे भक्त

**खरसिया।** खरसिया मदनपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीरामकथा महोत्सव के पांचवें दिन सीताराम विवाह प्रसंग बड़े ही धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य यजमान श्रीमती मिन देवी, कामता प्रसाद शर्मा के यहाँ अवधधाम से पधारी कथा वाचिका रसिक साध्वी उमा अपने मधुर कंठ से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दिव्य जीवन प्रसंगों का श्रवण करा रहीं हैं।

कथा के दौरान साध्वी उमा ने बताया कि जब श्रीराम गुरु विश्वामित्र के साथ यज्ञ रक्षा के लिए गए तब उनकी आयु लगभग 16 वर्ष थी। लक्ष्मणजी भी उनके साथ थे। गुरु आज्ञा से श्रीराम ने ताड़का और सुबाहु का वध किया तथा मारीच को समुद्र की ओर भगा दिया। इसके बाद मिथिला पहुंचने पर गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का श्रीराम के चरण स्पर्श से उद्धार हुआ। जनकपुर में आयोजित शिवधनुष यज्ञ में अनेक राजाओं के बीच श्रीराम ने गुरु आज्ञा से शिवधनुष को उठा कर तोड़ दिया। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया कि जनकनंदिनी सीता के लिए उपयुक्त वर केवल श्रीराम ही हैं। नगर में विवाह की मंगल तैयारियां शुरू हुईं और धर्म सद्भाव के इस पावन मिलन में अयोध्या के चारों राजकुमारों का विवाह मिथिला की चारों राजकुमारियों के साथ तय हुआ श्रीराम का माता सीता से भरत का मांडवी से लक्ष्मण का उर्मिला से तथा शत्रुघ्न का श्रुतकीर्ति से। चारों मंडपों में वैदिक मंत्रों की गूंज, देवताओं की पुष्पवर्षा और भक्तों के जयघोष के बीच भव्य विवाह संपन्न हुआ।



### 16 साल की आयु से कथा वाचन

आचार्य पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि कथा वाचिका रसिक साध्वी उमा मात्र 16 वर्ष की आयु से पूरे भारतवर्ष में कथा वाचन कर रही हैं और यह उनकी 150वीं कथा है। श्रीराम कथा महायज्ञ में मदनपुर खरसिया के साथ ही आसपास के अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्ममय वातावरण में शामिल हो रहे हैं।

### बिरहोर जनजाति के सपनों को मिला पक्का आशियाना

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी और समावेशी विजन से संचालित पीएम जनमन योजना आज उन परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण बनकर उभरी है, जिन्होंने कभी पक्के घर का सपना देखना भी छोड़ दिया था। यह योजना विशेष रूप से राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले बिरहोर जनजाति के लिए सम्मान, सुरक्षा और सशक्त भविष्य की मजबूत नींव सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए वर्षों से आवासहीन विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का आशियाना उपलब्ध कराया जा रहा है। यह केवल एक आवास नहीं, बल्कि भयमुक्त जीवन, सामाजिक गरिमा और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

# घरघोड़ा में जल संकट, दो दिन से नहीं आ रहा पानी, मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

नगर में पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित होने से आमजन का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नगर के अधिकांश वार्डों में नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जलापूर्ति व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। पानी नहीं मिलने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। सुबह से लेकर देर रात तक लोग पानी की तलाश में इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। कई परिवार मजबूरी में हैंडपंप, कुएं या निजी स्त्रोतों से पानी भर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों को बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि पानी जैसी बुनियादी जरूरत पर इस तरह की लापरवाही बेहद चिंताजनक है। हड़ताल चाहे जो भी हो, लेकिन आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़े, यह बिल्कुल भी न्यायसंगत नहीं है। लोगों ने सवाल उठाया है कि नगर पंचायत एवं संबंधित विभाग ने अब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। खासकर छोटे बच्चों और बीमार लोगों के लिए स्वच्छ पानी का अभाव स्वास्थ्य संकट को जन्म दे सकता है। जनता ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और हड़तालरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों से आपसी संवाद कर समस्या का शीघ्र समाधान निकालने की अपील की है। लोगों का कहना है कि पेयजल जैसी आवश्यक सेवा को राजनीति या हड़ताल की भेंट नहीं चढ़ाया जाना चाहिए।




■ हड़ताल के चलते जलापूर्ति ठप, आम जनता त्रस्त

# कथक सोलो में समृद्धि को मिला प्रथम स्थान



**रायगढ़।** नगर निगम ऑडिटोरियम में 21 से 24 दिसंबर तक सतरंग संस्था के तत्वावधान में आयोजित मधु गुंजन डांस प्रतियोगिता का समापन हुआ। चार दिवसीय इस सांस्कृतिक आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने नृत्य विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्लासिकल कैटेगरी के सोलो कथक नृत्य में ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ की कक्षा सातवीं की छात्रा समृद्धि मेहर ने सधी हुई भाव भंगिमाओं, लयबद्ध ताल और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल व दर्शकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि मधु गुंजन जैसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच मिलता है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक विविधता से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है।

# नगर पंचायत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुशासन दिवस

**बरमकेला।** गुरुवार को नगर पंचायत बरमकेला के कार्यालय परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अवसर पर सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा अटल के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती विद्या चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बरमकेला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मनोहर नायक विधायक प्रतिनिधि और राजू नायक उपाध्यक्ष नगर पंचायत बरमकेला विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ जनों और पार्षदों का मार्गदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से अरविंद पटेल एवं तरुण अग्रवाल, हेमसागर नायक पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत, डॉ. रामकुमार नायक पूर्व उपाध्यक्ष, नगर पंचायत यशवंत नायक, गजानन गढतिया एवं पुनीत राम चौहान, जिताम्बर पटेल, मंगलू सिदार एवं दीनदयाल साहू, मुन्ना भारती, प्रकाश बैरागी एवं शिवदयाल पटेल साथ ही, नगर विकास की सहभागी महिला जनप्रतिनिधियों में श्रीमती रमा मंगलूराम सिदार, श्रीमती उर्मिला प्रेमलाल सिदार, श्रीमती गणेशी चौहान और श्रीमती रजनी एक्का सहित राजेश नन्हे चौहान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार विश्वकर्मा एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में सुशासन की शपथ ली गई। वक्ताओं ने अटल के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी और संवेदनशील बनाना ही इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य है। सीएमओ श्री विश्वकर्मा ने अंत में आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत प्रशासन, जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में नगर के विकास और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# बाबा भिक्षुक राम के महानिर्वाण पर समाधि स्थल पहुंचे बाबा

**रायगढ़।** अघोरेश्वर भगवान राम के शिष्य भिक्षुक राम के महानिर्वाण दिवस पर आज अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के पीठाधीश्वर पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम गौशाला स्थित मंदिर उनकी समाधि स्थल पर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित कर वहां मौजूद शहर के गणमान्य लोगों को आर्शीवाद दिया।

बाबा भिक्षुक राम को परम पूज्य अघोरेश्वर का सानिध्य हासिल रहा। भिक्षुक राम जी ने पूज्य अघोरेश्वर के सानिध्य में आत्मसाक्षात्कार हासिल किया। भिक्षुक राम जी साधना के दौरान बहुत सी जगहों पर भ्रमण पर रहे। रायगढ़ आगमन के दौरान उनके आग्रह पर गौशाला पारा पुलिस लाइन में छोटी कुटिया का निर्माण किया गया। यही पर पूज्यश्री ने साधना करते हुए सिद्धियों को हासिल किया जब परम पूज्य भिक्षुक बाबा के गुरुदेव परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का महानिर्वाण हुआ उस समय भिक्षुक राम बनारस में थे। अघोरेश्वर के महा निर्माण के पश्चात 25 दिसंबर 1992 को उन्होंने जल समाधि ग्रहण कर ली पूज्य बाबा का निर्देश पर उनके पार्थिव शरीर को गंगा में प्रवाहित कर दिया गया। उनकी स्मृति रायगढ़ में एक समाधि स्थल का निर्माण कराया गया। प्रति वर्ष 25 दिसंबर के दिन उनके महानिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है यहां बाबा प्रियदर्शी राम का आगमन होता है और समाधि स्थल पर आस पास से आए श्रद्धालुओं को दर्शन देते है। उनके द्वारा निर्मित कुटिया आज भी उसी स्थान पर उसी स्वरुप में यथा वत है। समाधि स्थल पर बाबा प्रियदर्शी राम का आगमन प्रातः 10.30 हुआ। भगवान शिव का जलाभिषेक के बाद पूज्य पाद ने बाबा भिक्षुक राम जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



## रायगढ़ और धरमजयगढ़ क्षेत्र में सघन जांच

# अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 11 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

23 एवं 24 दिसंबर को रायगढ़ और धरमजयगढ़ क्षेत्र में अवैध रुप से खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान खनिज विभाग की टीम द्वारा एक हाईवा वाहन को अवैध रूप से खनिज चूनापत्थर का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

इसके अलावा 10 ट्रैक्टर खनिज रेत तथा 1 ट्रैक्टर खनिज बोल्डर का अवैध परिवहन करते पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 11 वाहनों को जब्त कर रैरूमाखुर्द चौकी, थाना-धरमजयगढ़ तथा कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर जांच की कार्रवाई चल रही है। प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। खनिज विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्यवाही भी की जा रही है। इस कार्रवाई में खनिज निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमले की सक्रिय भूमिका रही। विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए अवैध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।



# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्रधान जिला न्यायाधीश जितेंद्र जैन एवं तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा अध्यक्षध्विशेष न्यायाधीश शहाबुद्दीन कुरैशी तथा जिला अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना पूंजीपथरा पीएलव्ही बालकृष्ण एवं थाना घरघोड़ा पीएलव्ही लवकुमार द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर आम नागरिकों को उनके उपभोक्ता अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण की जानकारी देने के उद्देश्य से एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपलब्ध कानूनी सहायता योजनाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पीएलव्ही द्वारा बताया गया कि आज के समय में उपभोक्ताओं को ठगी, मिलावट, घटिया वस्तुएँ, भ्रामक विज्ञापन एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। शिविर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकार मित्रों ने बताया कि इस कानून के अंतर्गत उपभोक्ताओं को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त हैं। अनुचित व्यापार व्यवहार से संरक्षण का अधिकार साथ ही यह भी बताया गया कि उपभोक्ता अपनी शिकायतें जिला उपभोक्ता आयोग, राज्य उपभोक्ता आयोग अथवा राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में दर्ज करा सकते हैं।

